हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 2 मई 2026

11 मजदूर दिवस पर श्रमिकों ने याद किया 8 घंटे कार्य...



12 नीट परीक्षार्थियों के लिए 3 को नारनौल व महेंद्रगढ़...



## एससीईआरटी व एनसीईआरटी की संयुक्त टीम करेगी औचक निरीक्षण

# स्कूलों में 'पजल कॉर्नर' की होगी सख्त निगरानी हर शनिवार को पहेलियों से सुलझेगा गणित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय स्कूलों में गणित विषय को सुगम और रोचक बनाने के लिए शुरू की गई 'पजल कॉर्नर' योजना की अब जमीनी स्तर पर पड़ताल होगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा ने स्पष्ट किया है कि जल्द ही एससीईआरटी और एनसीईआरटी की संयुक्त टीम प्रदेश के स्कूलों का औचक दौरा करेगी। पत्र भेजकर प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों और डाइट प्रिंसिपल्स को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

एससीईआरटी द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रदेश के सभी स्कूलों को हर शनिवार 'पजल कॉर्नर' के तहत छात्रों को समस्या-आधारित पहेलियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। इसका उद्देश्य कक्षा छठीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों में तार्किक सोच और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना है। खास बात यह है कि अब वार्षिक परीक्षाओं में भी पहेली आधारित प्रश्नों को शामिल किया जा रहा है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर परिषद ने भी सराहा है।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि पज़ल आधारित शिक्षण से बच्चों की तार्किक क्षमता, समस्या समाधान कौशल और रचनात्मक सोच में तेजी से सुधार होता है। यही कारण है कि इस पहल को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने सभी स्कूलों को निर्देश जारी किए हैं कि वे हर शनिवार को नियमित रूप से पज़ल गतिविधियां आयोजित करें और उसकी रिपोर्ट भी तैयार करें। इस कदम से उम्मीद है कि छात्रों में गणित के प्रति डर कम होगा और वे विषय को अधिक रोचक तरीके से सीख पाएंगे।

### इन बिंदुओं पर होगी जांच

ऐसा माना जा रहा है कि कई स्कूलों में पज़ल कॉर्नर बनाए तो गए हैं, लेकिन उनका सही तरीके से उपयोग नहीं हो रहा। इसी को देखते हुए अब निरीक्षण टीम स्कूलों में जाकर यह जांच करेगी कि पज़ल कॉर्नर सक्रिय हैं या नहीं, वहां नियमित गतिविधियां हो रही हैं या नहीं, और छात्रों की भागीदारी कैसी है। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा जाएगा कि शिक्षक बच्चों को इन पहेलियों के जरिए गणित के सिद्धांत किस तरह समझा रहे हैं। साथ ही छात्रों की समझ और सीखने के स्तर का भी आकलन किया जाएगा। जो स्कूल इस पहल को बेहतर तरीके से लागू करेंगे, उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही मिलने पर संबंधित स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। इसके अलावा यह भी देखा जाएगा कि छात्रों की भागीदारी का स्तर और उनकी सीखने की प्रगति क्या है? इन सभी बातों का औचक निरीक्षण के दौरान ध्यान रखा जाएगा।

### लापरवाही पर तय होगी अधिकारियों की जवाबदेही

खण्ड शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्रमुखों को सख्त हिदायत दी है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि यदि कार्यान्वयन में कोई कमी पाई जाती है, तो संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी और स्कूल मुखिया सीधे तौर पर जवाबदेह होंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निरीक्षण टीम के आगमन से पूर्व स्वयं स्कूलों की मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें।

### क्या कहते हैं डीईओ

डीईओ विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि पजल कॉर्नर का उद्देश्य गणित को रटने के बजाय छात्रों में विश्लेषणात्मक सोच पैदा करना है। रिकॉर्ड संधारण और नियमित अभ्यास इस योजना की सफलता के लिए अनिवार्य हैं।

## खबर संक्षेप



कनीना। हाईवे पर भिड़े डंफरो का दृश्य।

### दो डंपरों की टक्कर में चालक घायल

**कनीना।** महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे नंबर 24 पर शुक्रवार को सुबह 10 बजे हुए सड़क हादसे में दो डंपर आमने-सामने भीड़ गए। जिसमें उनके चालकों को हल्की चोट आई है। दोनों के आमने-सामने भिड़ंत होने से रोड जाम हो गया। वाहनों की लंबी लाइन लग गई। वैकल्पिक मार्ग के रूप में पेट्रोल पंप के पास से वाहनों को निकालने का कार्य शुरू किया।

### कनीना अस्पताल में डॉ. धर्मेंद्र ने संभाला कार्यभार

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल को फर्स्ट रेफरल यूनिट का दर्जा मिलने के बाद अब विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होने लगी है। वीरवार को एसीएस स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा चिकित्सकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था जिसमें उप नागरिक अस्पताल कनीना को छह विशेषज्ञ चिकित्सक मिले थे, इनमें से शुक्रवार को एक चिकित्सक धर्मेंद्र ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का सरपंच एसोसिएसन के प्रधान धर्मवीर सिंह कोटिया, अमरजीत चेयरमैन, मुकेश नंबरदार, दीपक चौधरी आदि कार्यकर्ताओं ने आभार जताया है।

### सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**महेंद्रगढ़।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय लुवास हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा दो मई हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र रिवासा में व्यावसायिक डेयरी फार्मिंग विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगा। कार्यक्रम का आयोजन लुवास कुलपति प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन तथा निदेशक विस्तार शिक्षा की देखरेख में किया जा रहा है।

### मारपीट की घटना में पुलिस ने किया केस दर्ज

**कनीना।** गांव रामबास निवासी धर्मवीर ने शिकायत देकर कहा कि कुछ लोग पुरानी रंजिश के चलते उसके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे और हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी, डंडे और जेली से हमला किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए हैं दूसरे पक्ष के लोगों ने भी पुलिस को शिकायत दी है जिसमें उन्होंने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### 37 वर्षीय व्यक्ति अचानक लापता

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ से एक 37 वर्षीय युवक पवन कुमार के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। लापता युवक की मां कमला देवी ने सदर थाना में लिखित शिकायत देकर अपने बेटे की तलाश करने और न्याय की गुहार लगाई है।

## जागरूकता की जरूरत: छोटी लापरवाही बन सकती है पूरी जिंदगी का दर्द

# शादी से पहले कुंडली ही नहीं, ब्लड टेस्ट रिपोर्ट भी मिलाइए जनाब!

**थैलीसीमिया व एड्स समेत कई अनुवांशिक व संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए डाक्टरों की सलाह, समय रहते जांच से सुरक्षित हो सकता है बच्चों का भविष्य**

राजकुमार ▶▶ नारनौल



नारनौल। नागरिक अस्पताल में थैलीसीमिया नामक रोगी बच्चों का वार्ड। फोटो: हरिभूमि

अलग खबर

'काश हमने शादी से पहले ब्लड टेस्ट करा लिया होता, तो शायद आज हमारे बच्चे को हर महीने खून चढ़वाने के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ते' यह दर्द उन माता-पिता की आंखों में साफ दिखाई देता है, जिनका बच्चा थैलीसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। समाज में आज भी शादी से पहले जन्म कुंडली मिलाने पर जोर दिया जाता है, लेकिन स्वास्थ्य जांच को अधिक महत्व नहीं दिया जाता। जबकि चिकित्सकों का कहना है कि यदि युवक-युवती विवाह से पहले जरूरी ब्लड टेस्ट और स्वास्थ्य जांच करवा लें तो आने वाली पीढ़ी को कई गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। नागरिक अस्पताल में अक्सर ऐसे बच्चे इलाज के लिए पहुंचते हैं जिन्हें थैलीसीमिया के कारण बार-बार खून चढ़वाना पड़ता है। इन बच्चों का बचपन अस्पतालों और दवाइयों के बीच गुजरता है। कई बार परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से भी टूट जाता है।

### अनुवांशिक बीमारी बन रही बच्चों के जीवन का संकट

डाक्टरों के अनुसार थैलीसीमिया एक जैनेटिक यानी अनुवांशिक बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में पहुंचती है। यदि लड़का और लड़की दोनों इस बीमारी के कैरियर हों तो उनके बच्चे में गंभीर थैलीसीमिया होने की आशंका काफी बढ़ जाती है। इस बीमारी में शरीर पर्याप्त मात्रा में हीमोग्लोबिन नहीं बना पाता, जिससे बच्चे को खून की भारी कमी हो जाती है। ऐसे मरीजों को नियमित अंतराल पर खून चढ़वाना पड़ता है। सही समय पर रक्त नहीं मिलने पर जान का खतरा भी बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह जरूरी नहीं कि थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चे जीवन में आगे न बढ़ें, लेकिन उनकी जिंदगी सामान्य बच्चों की तुलना में कहीं अधिक कठिन होती है। उन्हें बार-बार अस्पताल जाना पड़ता है, कमजोरी, संक्रमण और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### कई बीमारियों का खतरा

चिकित्सकों का कहना है कि विवाह से पहले केवल थैलीसीमिया ही नहीं, बल्कि कई अन्य गंभीर बीमारियों की जांच भी जरूरी है। इनमें एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, सिकल सेल एनीमिया और कुछ अन्य अनुवांशिक रोग शामिल हैं। यदि समय रहते इन बीमारियों की पहचान हो जाए तो दंपती उचित चिकित्सकीय सलाह लेकर भविष्य के लिए सही निर्णय कर सकते हैं।

इससे न केवल बच्चों का भविष्य सुरक्षित होता है, बल्कि पति-पत्नी का वैवाहिक जीवन भी तनावमुक्त रह सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार कई लोग देखने में पूरी तरह स्वस्थ होते हैं, लेकिन वे किसी बीमारी के कैरियर हो सकते हैं। इसलिए केवल बाहरी स्वास्थ्य देखकर निर्णय लेना पर्याप्त नहीं माना जाता।

### डाक्टर बोले...विवाह से पहले स्वास्थ्य जांच बेहद जरूरी

नागरिक अस्पताल के सर्जन डा. कंवर सिंह चौहान का कहना है कि थैलीसीमिया जैसी



बीमारियां अधिकतर अनुवांशिक होती हैं। यह अक्सर सिंध प्रांत के लोगों में पाई जाती है, लेकिन अब इसके रोगी नारनौल एवं आसपास भी मिलने लगे हैं। समय रहते जांच करवाकर इनके खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विवाह से पहले युवक-युवती को थैलीसीमिया स्क्रीनिंग, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी व अन्य जरूरी जांच अवश्य करवानी चाहिए। यदि दोनों में किसी बीमारी का जोखिम पाया जाता है तो चिकित्सकीय परामर्श लेकर भविष्य की योजना बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल कुंडली मिलाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्वस्थ भविष्य के लिए मेडिकल जांच भी उतनी ही जरूरी हो चुकी है। क्योंकि जागरूकता और समय पर जांच ही आने वाली पीढ़ी को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है।

## महेंद्रगढ़-दिल्ली बस सेवा दोबारा शुरू, सुबह 6 बजे होगा प्रस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। दिल्ली जाने वाली रोडवेज बस। फोटो: हरिभूमि

खबर का असर

स्थानीय यात्रियों और सामाजिक संगठनों की मांग और समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद परिवहन विभाग ने महेंद्रगढ़ से दिल्ली वाया झज्जर बस सेवा को शनिवार से पुनः बहाल कर दिया है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए अब इस बस के समय में भी महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। महेंद्रगढ़ से दिल्ली के लिए लगभग तीन सप्ताह पहले शुरू की गई यह नई बस सेवा पिछले तीन-चार दिनों से बंद पड़ी थी। विधायक कंवर सिंह यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई, इस बस के अचानक बंद होने से दिल्ली जाने वाले दैनिक यात्रियों और आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

सामाजिक संगठनों ने इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया था, जिसके बाद विभाग हरकत में आया। पहले यह बस महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से सुबह सात बजे चलती थी, लेकिन सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा और अन्य संगठनों की मांग पर अब इसे सुबह छह बजे चलाया जाएगा। समय में इस बदलाव से यात्रियों को सुबह जल्दी दिल्ली पहुंचने में मदद मिलेंगी और परिवहन विभाग के राजस्व में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। नारनौल डिपो की यह बस महेंद्रगढ़ से चलकर कनीना, नाहड़, कोसली (प्रातः 7:00 बजे), झज्जर (7:55 बजे), बहादुरगढ़ (8:55 बजे) और पीरागढ़ी होते हुए दिल्ली कश्मीरी गेट पहुंचती है।

महेंद्रगढ़ से दिल्ली की 152 किलोमीटर की दूरी के लिए किराया 140 रुपये निर्धारित है। वापसी में यह बस दोपहर 12 बजे दिल्ली से चलेंगी और बहादुरगढ़ (1:20 बजे), झज्जर (2:10 बजे), कोसली (3:15 बजे) होते हुए शाम 4:15 बजे वापस महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पहुंचेगी। इस बस सेवा के दोबारा शुरू होने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

## नौवीं-ग्यारहवीं के फेल छात्रों को मिलेगा दूसरा मौका

**ड्रॉपआउट रोकने के लिए शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला स्कूल स्तर पर ही कराई जाएगी परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए शिक्षा विभाग ने अहम निर्णय लिया है। अब राजकीय विद्यालयों में कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं में फेल हुए विद्यार्थियों को दूसरा मौका दिया जाएगा। छात्रों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देने का अवसर मिलेगा। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप उठाया गया है ताकि किसी परीक्षा में असफलता के कारण विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित न हो। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं चलाएं। इससे छात्रों को विषयों की बेहतर समझ मिल सके और वे दोबारा परीक्षा में सफल हो सकें। इसके लिए समय-समय पर काउंसलिंग और शैक्षणिक सहयोग भी दिया जाएगा।

### 45 दिन बाद होगी दोबारा परीक्षा

विभाग ने स्पष्ट किया है कि पुनः परीक्षा करीब 45 दिनों के अंतराल के बाद आयोजित की जाएगी। इससे विद्यार्थियों को बेहतर तैयारी का समय मिलेगा और वे अपनी कमियों को सुधार सकेंगे। यह परीक्षा स्कूल स्तर पर ही संबंधित विषय अध्यापक द्वारा आयोजित की जाएगी। जो विद्यार्थी इस परीक्षा में पास हो जाएंगे। उन्हें अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाएगा। जिससे उनका एक साल खराब होने से बच सके।

### क्या कहते हैं डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि यह फैसला



छात्रों के भविष्य के लिए बेहद सकारात्मक है। एक परीक्षा किसी विद्यार्थी की क्षमता का अंतिम पैमाना नहीं हो सकती। दूसरा मौका देने से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और ड्रॉपआउट दर में निश्चित रूप से कमी आएगी। रिमेडियल क्लासेस को प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा ताकि खासतौर पर शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र, शिक्षा स्तर ओर सुधारा जा सके।

## नपा के सामने व किला रोड पर बनाई पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

■ यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए पार्किंग का प्रयोग करें नागरिक: एसडीएम

एसडीएम योगेश सैनी के निर्देशानुसार नगर पालिका द्वारा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था आगामी सोमवार से लागू की जाएगी। नगर पालिका एमई राजेश ने बताया कि दोपहिया वाहनों की पार्किंग नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित खाली स्थान पर निर्धारित की गई है, जबकि चारपहिया वाहनों की पार्किंग किला रोड पर गुरुद्वारे के पीछे निर्धारित की गई है। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना तथा अवैध पार्किंग से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कम करना है। नागरिकों से अपील की जाती है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सोमवार से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई भी की जाएगी।



महेंद्रगढ़। पुरानी जेल के पास बनाई गई पार्किंग। फोटो: हरिभूमि



नारनौल। नई मंडी में खरीद शुरू करवाते चेयरमैन बाबूलाल यादव।

### अब नई मंडी में आधिकारिक खरीद शुरू सरसों के भाव में 300 रुपये की बढ़ोतरी

**नारनौल।** राजीव चौक स्थित दशकों पुरानी अनाज मंडी को आधिकारिक रूप से बंद कर दिया गया है। अब क्षेत्र के सभी किसानों और व्यापारियों के लिए अनाज की खरीद-बिक्री का केंद्र नांगल चौधरी रोड पर बनी नई अनाज मंडी



नारनौल। 1 मई को प्रकाशित समाचार।

खरीद की जा रही है। शुक्रवार को नई अनाज मंडी में सरसों व अन्य फसलों की बोली लगाई गई। इस दौरान सरसों के भाव में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई। पुरानी अनाज मंडी में जहां सरसों का भाव 6400 रुपये प्रति क्विंटल के आसपास चल रहा था, वहीं नई मंडी में बोली 300 रुपये बढ़कर लगभग 6717 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। किसानों को प्रति क्विंटल 300 रुपये तक का सीधा लाभ मिल रहा है। बोली प्रक्रिया के दौरान मार्केट कमेटी के चेयरमैन बाबूलाल यादव और मार्केट कमेटी सचिव नुकुल यादव मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने नई मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और व्यापारियों को दिशा-निर्देश दिए। चेयरमैन बाबूलाल यादव ने बताया कि नई अनाज मंडी को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। पुरानी मंडी की तुलना में यहां किसानों के लिए पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय और कैंटीन की बेहतर व्यवस्था की गई है। कैंटीन में मात्र 10 रुपए में भोजन की थाली उपलब्ध है।

## डीपीआईआईटी के सचिव ने इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब का किया दौरा

### रेल संपर्क का कार्य अंतिम चरणों में

# क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारत सरकार के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने एनआईसीडीसी (राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम) के प्रबंध निदेशक रजत कुमार सैनी के साथ शुक्रवार जिला महेंद्रगढ़ के नांगल चौधरी क्षेत्र में विकसित किया जा रहा 'इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब' का निरीक्षण किया। इस मौके पर एचएसआईआईडीसी के एमडी सुशील सारवान, उपायुक्त अनुपमा अंजली, एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव भी मौजूद थे। हरियाणा सरकार के सहयोग से बन रहा यह हब न केवल राज्य की आर्थिक तस्वीर बदलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का केंद्र बनकर उभरेगा।

समीक्षा बैठक में डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति देकर स्थानीय कौशल को काम देना है। बैठक के बाद पूरे क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और गति का विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर एचएसआईआईडीसी के एजीएम रघुवीर सिंह, मैनेजर ज्ञानवीर पूनिया, एसपीवी के सीओओ संजीत सिंह तथा सीनियर मैनेजर रवि सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



नारनौल। इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब का दौरा करते डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया। फोटो: हरिभूमि

### 886.78 एकड़ में फैला है यह वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

उन्होंने बताया कि लगभग 886.78 एकड़ क्षेत्र में फैला यह केंद्र वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारा) के किनारे स्थित होने के कारण व्यापारिक दृष्टि से पूरे देश के लिए रीढ़ की हड्डी साबित होगा। उन्होंने बताया कि यह विकास का एक ऐसा 'ईको-सिस्टम' है जो आने वाले समय में हजारों अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन करेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री की सक्रियता के चलते इस परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

### आंतरिक रेल यार्ड और प्लेटफार्म बनाने का काम भी तेजी से चल रहा

*वर्तमान में न्यू डाबला रेलवे स्टेशन से परियोजना स्थल तक रेल संपर्क का कार्य अंतिम चरणों में है, जिसके मई 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा आंतरिक रेल यार्ड और प्लेटफार्म बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर यहा कंटेनर फ्रेट स्टेशन, ऑटो जोन (वाहन क्षेत्र) और आधुनिक भंडारण की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अधिकारियों ने इस दौरे के माध्यम से आश्वस्त किया कि यह रसद केंद्र भारतीय व्यापार जगत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगा।*

# राजा शिवाजी में निभाया है जीवा माहाला का किरदार

शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी रिलीज हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक खास किरदार निभाया है? यह किरदार फिल्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके बिना फिल्म बनाना मुमकिन नहीं था। सलमान खान ने मराठी फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान के किरदार से अब पर्दा उठ चुका है। सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था। फिल्म राजा शिवाजी में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित मराठी फिल्म राजा शिवाजी भी रिलीज हुई। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वराज्य हासिल करने की अमर गाथा को फिल्म 'राजा शिवाजी' में दिखाया है। फिल्म में रितेश देशमुख मराठा सम्राट शिवाजी की भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर अच्छा खासा क्रेज देखा गया। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'राजा शिवाजी' ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। पहले दिन ही यह फिल्म 5.34 करोड़ की कमाई करने में कामयाब रही है। इस कमाई में मराठी और हिंदी दोनों वर्जन की कमाई शामिल है। राजा शिवाजी के मराठी वर्जन ने 4.05 कमाए तो हिंदी वर्जन ने 1.29 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए हैं। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक कैमियो किया है। उनके किरदार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। सलमान खान ने फिल्म राजा शिवाजी में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज के एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।



## हॉलीवुड मसाला




# द डेविल वियर्स प्राडा 2 में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह एक खास डबल स्टार सेरेमनी रही, जो लॉस एंजेलिस में आयोजित की गई। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म में स्टेनली टुकी, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट अहम किरदारों में नजर आईं हैं। फिल्म रिलीज के बाद स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह स्टार उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने फिल्मों, टीवी, रेडियो, म्यूजिक या थिएटर में बेहतरीन काम किया हो। इस लिस्ट में पहले भी हैरिसन फोर्ड, मैरिलिन मुनरो, माइकल जैक्सन, टॉम हैंक्स और ड्वेन जॉनसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# सिक्योरिटी ने ऑस्कर अवॉर्ड को समझा हथियार

**लॉस एंजिल्स।** रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला।



# प्रेगनेंसी के बीच शुरू की किंग की शूटिंग

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं।



# बच्चों की परवरिश मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली।** 'ये जवानी है दीवानी' फेम एक्ट्रेस एवलिन शर्मा के चाहने वालों के लिए एक दुखभरी खबर है। जर्मनी में पैदा हुई एक्ट्रेस ने शादी के 5 साल बाद पति से अलग होने लेने का फैसला किया है। 39 साल की एवलिन दो बच्चों की मां भी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2021 में डेंटल सर्जन और एंटरप्रेन्योर तुषान भिंडी से शादी की थी। एक-दूसरे का सम्मान करते हुए दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। जबकि आगे वह साथ मिलकर अपने बच्चों की परवरिश करेंगे। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में लारा के रोल में सुर्खियां बटोरने वाली एवलिन ने पति से अलग होने की पुष्टि की है। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करने पर पूरी तरह से ध्यान दे रहे हैं। यह अलगाव जितना हो सके, उतना सौहार्दपूर्ण है।

## टीवी मसाला





# पलक-राशि की सीरीज लुक्खे का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** पलक तिवारी और राशि खन्ना की नई सीरीज 'लुक्खे' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। सीरीज में शिवांकित सिंह परिहार भी हैं, जो टीवीएफ की कई सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी पिछली बार सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं, और अब उनकी सीरीज 'लुक्खे' आ रही है। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया, जो दमदार है। सीरीज में रैपर-सॉन्गराइटर किंग के अलावा राशि खन्ना,लक्ष्वीर सरन, शिवांकित सिंह परिहार और नकुल रोशन सहदेव जैसे कलाकार भी हैं। ट्रेलर काफी ग्रिपिंग है और फैंस के बीच चर्चा बटोर रहा है। इस सीरीज के जरिए पलक तिवारी ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। सीरीज 'लुक्खे' के ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है- म्यूजिक से फेम मिलेगा, ड्रग्स से पैसा और पावर, फिर देखना ये सिस्टम भी हमें टच नहीं कर पाएगा। जिसका नाम है, वो ही बदनाम है, और जो बदनाम है, आज उसी का नाम होगा।...फिर एंट्री होती है रैपर किंग की...इसके बाद पंजाब के अंडरग्राउंड रैप की दुनिया, जुर्म और दो रैपर्स के बीच तगड़ी रायवलरी दिखाई जाती है, जो धीरे-धीरे एक हिंसक प्रतिशोध में बदल जाती है। 'लुक्खे' की कहानी लक्ष्वीर सिंह सरन नाम के एक युवा खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के मकसद से पंजाब के खतरनाक अंडरग्राउंड रैप की दुनिया में एंट्री करता है।

## फलक ने वीडियो डिलीट कर दी सफाई

**नई दिल्ली।** हाल ही 'आशिकी' स्टार राहुल रॉय ने एक कंटेंट क्रिएटर के साथ कुछ रील्स बनाई थीं, जिनके कारण उनका खूब मजाक उड़ाया गया। लोग इसे उनका 'डाउनफॉल' बताने लगे थे। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी राहुल रॉय का मजाक उड़ाया था और एक्टर की रील अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। हालांकि, बाद में फलक ने वह रील डिलीट कर दी और अब राहुल रॉय का मजाक उड़ाने पर सफाई दी है। साथ ही एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के लोगों से राहुल रॉय का काम देने की अपील की। फलक नाज ने इस बात पर शर्मिंदगी जाहिर की कि उन्होंने राहुल रॉय की स्थिति और मजबूरी जाने बिना उनका मजाक उड़ाया। फलक ने कहा कि ऐसा कल को किसी के भी साथ हो सकता है, इसलिए उन्हें स्थिति समझ आई तो तुरंत वीडियो डिलीट कर दिया। फलक ने अब इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर सफाई दी है। फलक नाज ने वीडियो में कहा, 'कल मैंने एक वीडियो बनाई थी, एक रील मैंने डाली थी, जिसमें राहुल रॉय सर थे। मुझे पहले वीडियो देखकर लगा कि उन्होंने अपनी मर्जी से ऐसा किया है। लेकिन, शाम होते-होते मुझे पता चला कि वो जिंदगी में बहुत सी चीजों से जूझ रहे हैं। उनके फाइनेंशियल क्राइसिस चल रहे हैं। उन्हें हेल्थ इशूज चल रहे हैं।



# करीना ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें तैमूर और जेह की दिखी प्यारी झलक



**मुंबई।** करीना कपूर खान ने अपने वेकेशन के दौरान की शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में तैमूर और जेह की प्यारी झलक देखकर फैंस बेहद खुश हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना ने अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह अली खान के साथ परिवार की खुशी के पल साझा किए हैं। करीना ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा 'पुराने जमाने की सुबह। दूसरी स्टोरी में उन्होंने लिखा 'गुड मॉर्निंग'। पहली तस्वीर में एक सुंदर गलियारा दिख रहा है, जिसमें सफेद खंभे, पुरानी स्टाइल की कुर्सियां नजर आ रही हैं। यह देखने में बहुत शानदार और राजसी लग रहा है। दूसरी तस्वीर में तैमूर और जेह खुले आंगन में एक साथ खड़े होकर सुबह का मजा ले रहे हैं। करीना कपूर और सैफ अली खान ने 16 अक्तूबर 2012 को मुंबई में एक निजी समारोह में शादी की थी। 5 साल तक डेटिंग और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद, इस कपल ने शादी का फैसला किया। करीना और सैफ के दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। बड़े बेटे तैमूर अली खान का जन्म दिसंबर 2016 में हुआ था। छोटा बेटे जहांगीर अली खान (जेह) का जन्म फरवरी 2021 में हुआ था। करीना कपूर खान अब फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ और पृथ्वीराज सुकुमारन की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# 3 फिल्मों के बीच होगा महा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहले क्वार्टर का सफर समाप्त हो गया है और अप्रैल से दूसरे क्वार्टर का दौर शुरू हो गया है, जो अप्रैल से लेकर जून तक चलेगा। जल्द ही अप्रैल समाप्त होगा और मई-जून आएगा। साल के सेकेंड क्वार्टर का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, जून 2026 में कई शानदार फिल्में रिलीज की जानी है। इस मामले में तीन मूवीज ऐसी हैं, जिनके बीच बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत देखने को मिलेगी।

### पेड्डी

इस लिस्ट में पहला नाम साउथ सुपरस्टार राम चरण चरण की मोस्ट अवेटेड मूवी पेड्डी का शामिल हो रहा है। एक्शन और स्पोर्ट्स ड्रामा थ्रिलर के तौर पर हर कोई पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और अब राम चरण की ये मूवी 25 जून को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

### जून में दिखेगा बॉलीवुड और साउथ का संग्राम




### वेलकम टू द जंगल

करीब 3 साल से अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल रिलीज की राह देख रही है। मल्टी स्टारर इस मूवी का डायरेक्शन अहमद खान ने किया है। गौर करें वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट की तरफ तो इसे 26 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय के अलावा इस मूवी में सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और श्रेयस तलपडे जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

### लेनिन

किस्मत जैसी शानदार साउथ मूवी से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अखिल अक्कीनेनी को भला कौन भूल सकता है। अखिल की अगली फिल्म का नाम लेनिन है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा कुछ समय पहले ही की गई है। 26 जून को एक्शन थ्रिलर लेनिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस तरह से पेड्डी, वेलकम टू द जंगल और लेनिन जून के अंतिम दिनों बॉक्स ऑफिस पर आपस में टकराती हुई नजर आएंगी। ऐसे में ये देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन सी मूवी कमाई के मामले में अव्वल निकलेगी।

## इस वीकएंड जमेगा खूब रंग, घर बैठे होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर देखने को मिलेंगी ये मजेदार सीरीज और फिल्में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शुक्रवार 01 मई को हिंदी और साउथ की कई चर्चित फिल्मों ने दस्तक दी है। सिनेमाघर जाने का भरपूर मौका है। मगर, वीकएंड पर घर बैठे कुछ देखने का मन है, तो यहां भी पिटारे में बहुत कुछ है। सिनेमाघरों में धुरंधर 2 और भूत बंगला के बाद शुक्रवार को कई और फिल्में लग गई हैं। जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' है, तो कारा, केडी, राजा शिवाजी और पैट्रियट जैसी फिल्मों के भी विकल्प हैं। इसी के साथ घर बैठे भी इस बार आपका भरपूर मनोरंजन होगा। कई चर्चित फिल्मों और सीरीज ने ओटीटी पर दस्तक दी है।

### द केरल स्टोरी 2

सिनेमाघरों के बाद फिल्म द केरल स्टोरी 2 भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। शुक्रवार 01 मई से यह ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा जैसे सितारे हैं। बता दें कि फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट रहा था, जिसमें अदा शर्मा ने लीड भूमिका निभाई थी।

### बैचमेट्स

यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल को यह जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुई।




### अनदेखी सीजन 4, आड़ु 3

*सीरीज अनदेखी सीजन 4 शुक्रवार 01 मई को सोनी लिव पर रिलीज हुई है। इसमें हर्ष छाया और सूर्य शर्मा लीड रोल में हैं। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसके अलावा आड़ु 3 भी है, जो कि एक मलयालम भाषा की फिल्म है। इसमें जयसूर्या, विजय बाबू और सनी वेन हैं। यह कॉमेडी फैंटेसी फिल्म है।*

### माय डियरेस्ट सेनोरीटा

*यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकते हैं। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। शुक्रवार 01 मई को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।*

### ग्लोरी

अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को वीकएंड पर देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज आज 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

### स्वैप्ड

यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

### राकासा

हॉरर के शौकीन इस फिल्म को देख सकते हैं। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म राकासा 03 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के योगदान के महत्व बताया

**नारनौल।** शहर में हुडा सेक्टर स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार श्रमिक दिवस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को श्रमिकों के सम्मान और उनके योगदान के महत्व से अवगत कराना था। सभा की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। जिसके बाद छात्रों ने भाषण व कविता के माध्यम से मजदूरों के जीवन और उनके संघर्षों को प्रस्तुत किया। कुछ विद्यार्थियों ने नाटक के जरिए यह संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग के श्रमिकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।

### गुरु गोरखनाथ जयंती पर कार्यक्रम

**नारनौल।** गांव पाथेड़ा जोहड़ी वाला बाबा आश्रम में महंत योगी प्रतापनाथ की अगुवाई में ग्रामीणों ने गुरु गोरखनाथ जयंती धूमधाम से मनाई। ग्रामीणों ने विशाल भंडारा आयोजित किया। जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में साधु संतो तथा श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट और अन्य गणमान्य श्रद्धालुओं ने योगी प्रताप नाथ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अतरलाल ने बाबा के जनभलाई के कार्यों की जमकर सराहना की।

भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के कार्यक्रम में मजदूर अधिकारों पर चर्चा

# मजदूर दिवस पर श्रमिकों ने याद किया 8 घंटे कार्य दिवस का संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन की ओर से गांव नसीबपुर स्थित निर्माणाधीन कुम्हार धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों ने मजदूर आंदोलन के इतिहास को याद करते हुए 8 घंटे कार्य दिवस के लिए हुए ऐतिहासिक संघर्ष को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान सीताराम ने की।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि एक समय ऐसा था जब मजदूरों से 12 से 16 घंटे तक लगातार काम लिया जाता था। श्रमिकों के शोषण के खिलाफ दुनिया भर के मजदूर एकजुट हुए और "8 घंटे काम, 8 घंटे आराम और 8 घंटे समाज के लिए" का नारा दिया। वक्ताओं ने बताया कि यह आंदोलन सबसे पहले शिकागो शहर से शुरू हुआ था, जहां मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए बड़ा संघर्ष किया। इस संघर्ष में अनेक मजदूरों ने अपनी जान तक कुर्बान कर दी, जिसके बाद धीरे-धीरे दुनिया भर में 8 घंटे कार्य दिवस का अधिकार लागू हुआ। इस अवसर पर मोहर सिंह, महावीर गोद, यादराम, राजकुमार, रामोतार, रोहतास, राकेश, कृष्ण, उदय सिंह, समय सिंह, पूजा देवी, अवधेश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मजदूर दिवस के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।



नारनौल। मजदूर दिवस पर एकजुटता की नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मजदूर विरोधी नीतियों का लगाया आरोप

*कार्यक्रम में मौजूद यूनियन नेताओं ने केंद्र सरकार की श्रम नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार लगातार मालिकों के हित में फैसले ले रही है। उन्होंने विशेष रूप से चार नए लेबर कोड का विरोध करते हुए कहा कि इससे मजदूरों के कई पुराने अधिकार कमजोर हो जाएंगे। वक्ताओं का कहना था कि मजदूरों ने वर्षों के संघर्ष से जो अधिकार हासिल किए थे, नए लेबर कोड लागू होने से उन पर खतरा पैदा हो सकता है।*

## रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ने मनाया मजदूर दिवस



*महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला में रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ने मजदूर दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के मुख्य संगठन सचिव महेंद्र यादव ने की और विधिवत रूप से मंच संचालन हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय पूर्व उपप्रधान बाबूलाल यादव ने किया। अध्यक्ष बताया कि हर साल एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता हैं। जो कि केंद्र सरकार श्रमिक/मजदूर/कर्मचारी विरोधी चार लेबर कोड लागू किए है, उनका और आठवें वेतन आयोग का बेनिफिट रिटायर्ड कर्मचारियों को नही दिया जा रहा और पेंशन वित्त अधिनियम वापस लिया जाए, जिसका हमारा संगठन कड़ा विरोध करता हैं और अगर समय रहते सरकार ने यह फैसला वापिस नही लिया तो संगठन क मजबूर होकर कोई बड़ा आंदोलन करने को मजबूर हो सकता है, जिसकी पूर्ण रूप से सरकार की जिम्मेवारी होगी। इसकी मुख्य मांग मेडिकल कैशलेस पूर्ण रूप से लागू किया जाए 65, 70, 75 आयु उपरांत 5, 10, 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए, एचकेआरएन कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी दी जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। आठवां वेतन आयोग महंगाई को ध्यान में रखते हुए लागू करना, कोरोना काल का बकाया डीए का शीघ्र भुगतान करवाना, कम्युनेटेड रिकवरी 15 वर्ष की बजाय 11 वर्ष में पूरी करना सहित अनेक मांग थी। इस मौके पर लालाराम, बहादुर सिंह थानेदार, वीर सिंह, दयाराम शर्मा, लक्ष्मण, रोहताश, लालाराम, धर्मवीर, विक्रम, रंगराव, वीरभान, नित्यानद, बलबीर, गुरुदयाल, देवकरण, सुरेश सोनी सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।*

मांगें पूरी करने की मांग

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर केंद्रीय श्रमिक संगठन ने किया प्रदर्शन




*नारनौल। केन्द्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी की ओर से शुक्रवार अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर पुराने लघु सचिवालय पार्क में सभा व प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एक मई को अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने जब पहली बार आठ घंटे काम की मांग को हासिल करने के लिए अपना ख़ून बहाया था और फांसी पर चढ़े थे, उन शहीदों के बलिदान को याद किया गया। सभा की अध्यक्षता एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह ने की। संचालन एआईयूटीयूसी जिला सचिव छाजूराम रावत ने किया। इस प्रदर्शन को एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, शेर सिंह गणियार, आशा कार्यकर्ता यूनियन की राज्य महासचिव मधु चौहान, जिला प्रधान राजबाला, मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन अटेली ब्लाक प्रधान प्रेमलता, ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारी यूनियन, हरियाणा के जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि, मुकेश कुमार, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव डॉ व्रतपाल सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक मई अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस श्रमिक वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष का गौरवपूर्ण दिन है। हमारे देश में मई दिवस ऐसे समय आया है, जब केन्द्र सरकार ने श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड लागू कर श्रमिकों के संघर्षों से हासिल अधिकारों, आठ घंटे के काम का अधिकार, यूनियन बनाने के अधिकार, आन्दोलन व हड़ताल के अधिकार, न्यूनतम वेतन, स्थायी रोजगार और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा जैसे लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने का काम किया है। ऐसे में आज का दिन श्रमिक विरोधी 4 लेबर कोड लागू करने के खिलाफ है।*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पवन कुमार वाल्मीकि, डॉ व्रतपाल सिंह, हंसराज गणियार, मुकेश कुमार, सुनीता, माला, लीला, सन्तोष, उंगन्ता, भतेरी, रेखा, शकुन्तला, इन्द्रा, शारदा, भीमसेन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हरियाणा पब्लिक स्कूल में किया श्रमवीरों का सम्मान



**नारनौल।** शहर के नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कृतज्ञता और सम्मान का प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार यादव ने की। 'श्रम की गरिमा' पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इन निष्ठावान हाथों के सहयोग के बिना कोई भी शैक्षणिक लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकता। अतः विद्यालय परिवार में इनका योगदान अविस्मरणीय है। विद्यालय के निदेशक डॉ हितेश वर्मा एवं निधि वर्मा ने समस्त कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, श्रमिक केवल सहायक नहीं, बल्कि संस्थान की प्रगति के मौन शिल्पकार होते हैं। निदेशक पुष्करमल वर्मा ने उन्होंने विद्यार्थियों को भी श्रमिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखने की प्रेरणा दी। विद्यालय के डीन मनोज भारद्वाज ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस आयोजन ने न केवल कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित किया, बल्कि विद्यार्थियों के अंतर्मन में सेवा, समानता और मानवता के मूल्यों को भी सुदृढ़ किया।

## आंबेडकर भवन मालवीय नगर में बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई

*नारनौल। हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ की ओर से अम्बेडकर भवन मालवीय नगर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर तथागत बुद्ध का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रधान राजपाल गोरा ने की। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व मंच संचालन करते हुए महासचिव रामकिशन मरोडिया ने संघ की तरफ से 14 अप्रैल को बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल एवं स्पेशल बनाने के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले नन्हें-मुन्ने बच्चों,सभी सामाजिक संस्थाओं व नागरिकों का आभार ज्ञापित किया। शुक्रवार को कार्यक्रम में वक्ता के रूप में रोशनी देवी, कमला सूंठवाल, प्रेम यादव, केला देवी, संघ के पूर्व प्रधान जय नारायण दुग्गल, भूप सिंह भारती, रामनिवास खींची, प्रवक्ता ईश्वर सिंह, डीईओ जिलेसिंह कलिया आदि प्रबुद्ध लोगों ने अपने वक्तव्य में तथागत बुद्ध के जीवन परिचय, शिक्षाओं, करुणा, शील, बंधुत्व, समानता आदि विश्व को दिए गए अजस्र अनुदानों के बारे में व्याख्या करते हुए बुद्ध पूर्णिमा व मजदूर दिवस की बधाईयां दी। इस मौके पर भानी देवी, इंद्रावती, शिंभू दयाल दहमीवाल, रामकिशन, ओम प्रकाश कटारिया, जगराम कलिया, सुभाष भारती, रामानंद पनवाल, बनवारी लाल, राजकुमार निम्भल, ग्यारसीलाल, ओमपाल सिंह शास्त्री आदि मौजूद रहे।*



## सिंघानिया विवि 2027 एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। जयपुर में मेजबानी की घोषणा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ ने घोषणा की है कि उसने जयपुर, राजस्थान आधिकारिक तौर पर पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया को, सिंघानिया विश्वविद्यालय के सहयोग से, प्रतिष्ठित तीसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2027 के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है। यह चैंपियनशिप राजस्थान स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित की जाएगी। इस ऐतिहासिक साझेदारी को औपचारिक रूप देने के लिए 1 मई, 2026 को जयपुर में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया। दस्तावेज पर दोनों संगठनों के प्रतिष्ठित नेतृत्व: श्रीमती निर्मला रावत, अध्यक्ष, विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ, डॉ. वी. अल्बर्ट प्रेमकुमार, संस्थापक और महासचिव, डॉ. मनोज कुमार (आईएएस, सेवानिवृत्त), अध्यक्ष और श्री सुनील कुमार सोबती, प्रो-प्रेसिडेंट एवं सीएफओ, सिंघानिया विश्वविद्यालय द्वारा हस्ताक्षर किए गए। सिंघानिया विश्वविद्यालय इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भरपूर अनुभव लेकर आया है। विश्वविद्यालय ने इससे पहले फरवरी 2026 में राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप की सफल मेजबानी की थी। 2027 की चैंपियनशिप एशिया में अनुकूली खेलों के लिए एक ऐतिहासिक समागम होने की उम्मीद है, जिसमें 15 से अधिक देशों भारत, कंबोडिया, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, भूटान, यूएई, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, जापान और फिलीपर्पीस खेल जगत की हस्तियों के भाग लेने का अनुमान है।

### एमओयू बैठक में दिग्गज खिलाड़ियों ने की शिरकत

*एमओयू बैठक में पैरा-खेल समुदाय के प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हुए, जिनमें भारतीय पैरा थ्रोबॉल कप्तान श्री प्रशांत और सुश्री मालती इनामती शामिल थे। उनके साथ कई अंतरराष्ट्रीय पैरा-पदक विजेता भी शामिल हुए, जो वैश्विक मंच पर पैरा थ्रोबॉल के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। WPTF और PTFI पैरा-एथलेटिक्स में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और तीसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप पूरे महाद्वीप के एथलीटों के लिए प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण मंच होगी।*

## बुद्ध पूर्णिमा पर शांति व समानता का संदेश प्रसारित करने का लिया संकल्प



*नारनौल। शहर के सिटी मैरिज पैलेस में शुक्रवार को सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति द्वारा तथागत गौतम बुद्ध की 2570वीं बुद्ध पूर्णिमा जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष चन्दन सिंह जालवान ने की। संचालक सतीश नाहर द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता सुरेश जांगिड़ (राज रत्न बौद्ध) सहित विशिष्ट अतिथियों ने भगवान बुद्ध और बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पूर्व तहसीलदार लाला राम नाहर, पूर्व प्राचार्य अमर सिंह निमहोरिया, कवि एवं एडवोकेट रघुबीर नाहर, पूर्व मैनेजर पी.एल. चवन और मास्टर ताराचंद ने अपने संबोधन में बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्तमान में विश्व जिस अशांति और अराजकता के दौर से गुजर रहा है, वहां बुद्ध के करुणा, अहिंसा, सत्य और शांति के संदेश ही मानवता को बचा सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि बाबासाहेब के आदर्शों और बुद्ध के मार्ग पर चलकर ही समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और समानता स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम के संयोजक सतीश नाहर ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और सभी के लिए खीर-भोजन की व्यवस्था की। उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि वे बुद्ध के शांति संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे और समाज में सद्भाव का दीप प्रज्वलित करेंगे।*

## गर्मी में पक्षियों के लिए पहल, मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने लगाए सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बढ़ती गर्मी को देखते हुए मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापकों ने पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विद्यालय परिसर तथा आसपास के विभिन्न स्थानों पर लगभग एक दर्जन सकोरे लगाए है। जिनमें नियमित रूप से पानी भरकर पक्षियों के लिए पीने की व्यवस्था की गई है। गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने के कारण पक्षियों को जल की कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी जान पर भी बन आती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के शिक्षकों ने मिलकर यह अभियान चलाया, ताकि आसपास के पक्षियों को राहत मिल सके और वे सुरक्षित रह सकें। विद्यालय चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि मानव के साथ-साथ अन्य जीवों की देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है। इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे भी अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों को विकसित करने का माध्यम भी है। इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

■ **मानव के साथ-साथ अन्य जीवों की देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य**





### एमआर स्कूल में कार्यशाला में नई शिक्षण विधियां को प्रस्तुत किया

*नारनौल। अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में दिल्ली से आए विषय विशेषज्ञों ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में नवीनतम शिक्षण विधियां को प्रस्तुत किया। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों ने आज की आधुनिक दौर की शिक्षा पद्धति तथा पढ़ाने के तरीकों के बारे में जानकारी हासिल की। विषय विशेषज्ञ डॉ अजीत सिंह ने शिक्षण को रोचकता, रचनात्मकता, बोधात्मकता ,योगात्मक मूल्यांकन, प्रबंधनात्मकता, व्यवहारिकता, योजनात्मकता एवं संगठनात्मकता जैसे बिंदुओं का योग बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तरीके अपनाकर शिक्षण अधिगम को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान अंतर क्रिया सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें शिक्षकों ने अपनी समस्याएं विशेषज्ञ के सामने साझा की। विषय विशेषज्ञ ने विभिन्न गतिविधियों के द्वारा उनका समाधान भी प्रस्तुत किया। कार्यशाला का दूसरा सत्र तकनीकी आधारित रहा, जिसमें तकनीकी विशेषज्ञ राजेश ने एआई आधारित शिक्षा से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आज के दौर में शिक्षा का क्षेत्र भी डिजिटल हो चुका है जिसको अपनाकर विद्यार्थी न केवल अपनी पढ़ाई को आसान बना पाएगा बल्कि उसका रुझान अनुसंधान की ओर भी बढ़ेगा। विद्यालय के चेयरमैन सियाराम यादव ने विषय एवं तकनीकी विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया तथा शिक्षकों को नवीनतम विधि अपनाकर विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने की लिए प्रेरणा दी।*

### हुडा सेक्टर में चला नई सोच नया शहर अभियान

*नारनौल। नगर परिषद की ओर से नई सोच नया शहर अभियान के अंतर्गत हुडा सेक्टर एक में शुक्रवार खुद के कर्मचारियों और वहां के लोगों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। इस दौरान जेई विकास शर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित अपने संबोधन में कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने और बेहतर कूड़ा प्रबंधन के जरिए शहर को सुंदर बनाया जाए। इसमें आमजन का सहयोग सर्वप्रथम है। नगर परिषद की टीम और जागरूक नागरिकों की यह सामूहिक भागीदारी नारनौल को स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी बनाने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है।*

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री श्रीराम निवासी सुन्दरह, तहसील कनीना, जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अशोक व पुत्रवधु इन्दु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ए-नेगेटिव ब्लड देकर महिला की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जरूरत के समय किया गया रक्तदान किसी के लिए जीवनदान साबित होता है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को सामने आया। जब अटेली निवासी प्रीति को डिलीवरी के दौरान अचानक ए नेगेटिव ब्लड की सख्त जरूरत पड़ गई। परिजनों के सामने संकट की स्थिति बन गई। लेकिन युवा साथी ग्रुप हरियाणा और उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की तत्परता ने हालात संभाल लिए।

जानकारी के अनुसार प्रीति का इलाज सामान्य अस्पताल नारनौल में चल रहा था। डिलीवरी के दौरान डॉक्टरों ने तुरंत ए नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता बताई। ऐसे में परिजनों ने संस्था के प्रधान टिंकू से संपर्क किया। फोन मिलते ही टिंकू ने बिना देरी किए अपनी टीम को सक्रिय किया। प्रधान टिंकू ने तुरंत सदस्य मोहित खोटिया को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। मोहित ने भी मानवता की मिसाल पेश करते हुए बिना समय गंवाए अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। समय पर मिले ब्लड से मरीज की स्थिति संभल गई और परिवार ने राहत की सांस ली। मरीज प्रीति के परिजनों ने टिंकू और मोहित का दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि अगर समय पर ब्लड नहीं मिलता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। उन्होंने संस्था के इस प्रयास को सराहनीय बताया।



नारनौल। नागरिक अस्पताल में जाकर रक्तदान करते युवा मोहित।

### ए नेगेटिव दुर्लभ ग्रुप

*ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. संगीत यादव ने बताया कि ए नेगेटिव जैसे दुर्लभ ब्लड ग्रुप की उपलब्धता अक्सर चुनौतीपूर्ण होती है। ऐसे में जब कोई संस्था और युवा तुरंत आगे आकर रक्तदान करते है तो यह मरीज के लिए जीवन रक्षक साबित होता है। उन्होंने कहा कि समय पर मिला एक यूनिट ब्लड किसी की जिंदगी बचा सकता है। समाज में ऐसे जागरूक और सेवाभावी युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।*

### 4 जून को लगेगा रक्तदान शिविर

संस्था के प्रधान टिंकू ने बताया कि बढ़ती गर्मी और ब्लड की कमी को देखते हुए चार जून को रेड क्रॉस के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान करने की

### टीबी जांच शिविर में की गई 108 की स्क्रीनिंग

*महेंद्रगढ़। स्वास्थ्य विभाग नारनौल के निर्देश पर शुक्रवार को गांव सिगड़ा में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निःशुल्क टीबी जांच शिविर लगाया गया। शिविर में सीएचओ अरुण चौधरी व स्वास्थ्य कार्यकर्ता ऋषिराज आर्य की टीम ने ग्रामीणों की जांच की। शिविर में 108 ग्रामीणों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। खांसी, बुखार, वजन कम होने जैसे लक्षण वाले 20 संदिग्ध मरीजों के बलगम के नमूने लेकर स्पूटम जांच के लिए भेजे गए। सीएचओ अरुण चौधरी ने बताया कि टीबी अब लाइलाज नहीं है। छह महीने नियमित दवा खाने से पूरी तरह ठीक हो जाती है। सरकार मुफ्त इलाज व निक्षय पोषण योजना के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह भी देती है।*

**सार्वजनिक सूचना**

मै श्यामलाल सैनी पुत्र दीनाराम सैनी वासी जैन मंदिर, सराय दूसरान नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मनीष व उसकी पत्नी प्रियंका मेरा कोई कहना नहीं मानते हैं और अपनी मनमर्जी करते हैं। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै लालचंद पुत्र ओमकार सैनी वासी मोहल्ला दूसरा की सराय नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा लडका अशोक व उसकी पत्नी सपना मेरे कहने सुनने से बाहर है व आए दिन घर में लडाई झगडा करते है। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै रामेश्वर दयाल पुत्र गोवर्धन वासी नांगल कालिया तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जसवन्त व उसकी पत्नी पिंकी मेरे कहे सुने से बाहर है व आए दिन घर में लडाई–झगडा करते रहते है। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सरपंच ग्राम पंचायत गोमला**
**ब्लॉक कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ (हरि.)-123034**

**सर्वजन को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत गोमला में सफाई कार्य हेतु 1 सफाई कर्मचारी की सख्त अवश्यकता है जिसके लिए 10-05-2026 तक आवेदन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय कनीना में जमा करवाएं।**

**वेदप्रकाश, सरपंच, गोमला खंड कनीना जिला महेन्द्रगढ़**

**खबर संक्षेप**

### विश्व श्रमिक दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में शुक्रवार विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन के नजदीक श्रमिक कॉलोनी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कानूनी सहायता सलाहकार टेकचंद यादव ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गरीब, महिलाओं, बच्चों और अनुसूचित जाति/जनजाति के पात्र व्यक्तियों को निशुल्क अधिवक्ता और कानूनी परामर्श प्रदान किया जाता है।

### बिहाली में पक्षियों के लिए लगाए पानी के सकोरे

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बिहाली में भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए सराहनीय पहल की गई। प्रजापति महासभा के सचिव एवं जिला प्रधान विजय सिंह प्रजापति के मार्गदर्शन में कायशा मार्ग स्थित करतार फार्म के आसपास विभिन्न स्थानों पर पानी के सकोरे रखे गए ताकि पक्षियों को गर्मी में राहत मिल सके। प्रजापति ने कहा कि चिलचिलाती धूप में इंसानों के साथ-साथ पक्षियों को भी पानी की सख्त जरूरत होती है। ऐसे में हमें अपने घरों की छतों के अलावा दूर-दराज के स्थानों पर भी, जहां तक संभव हो सके, पानी और दाना रखना चाहिए।

### प्री-प्लेसमेंट जॉब फेयर का आयोजन पांच को

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 5 मई को प्री-प्लेसमेंट जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि यह जॉब फेयर मुख्य रूप से संस्थान के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो अब परीक्षा दे रहे हैं। साथ ही पास आउट हो चुके छात्र भी इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी सुनील यादव ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के जॉब फेयर का आयोजन किया जाता है ताकि छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

## रोडवेज ने नीट परीक्षा के लिए तय किए 4 विशेष रूट

# नीट परीक्षार्थियों के लिए 3 को नारनौल व महेंद्रगढ़ में चलेगी विशेष बसें, पुलिस ने भी जारी की एडवाइजरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**



नारनौल। रोडवेज बस।

नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेंस (नीट) परीक्षा में तीन मई को सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन ने पूरी तैयारी ली है। नारनौल रोडवेज के महाप्रबंधक देवदत्त ने बताया कि परीक्षार्थियों को जिला में उनके गंतव्य तक समय पर पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे व शाम 5 बजे से 7 बजे तक विशेष बसों का संचालन किया जाएगा। महाप्रबंधक ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुलभता के लिए जिला में चार प्रमुख रूट निर्धारित किए गए हैं। इनमें तीन रूट नारनौल व एक रूट महेंद्रगढ़ के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त बसों के अतिरिक्त निर्धारित समय पर चलने वाली बसे यथावत समय अनुसार ही चलेंगी तथा नीट परीक्षा के अभियार्थियों को कोई भी स्पेशल मुफ्त सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

**यूं समझे...**

*रुट नंबर-01 :* नारनौल बस स्टैण्ड से गऊशाला रोड होते हुए राजकीय महाविद्यालय केन्द्र नंबर 2311102, राजकीय महिला महाविद्यालय केन्द्र नंबर 2311103 व पीएम श्री छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केन्द्र नंबर 2311101 तक जाएगी। इन तीनों केन्द्रों पर 2 मिनी बसों का संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार रुट नंबर -01 महेन्द्रगढ़ बस स्टैण्ड से राव तुलाराम चौक से नारनौल मार्ग होते हुए राजकीय महिला महाविद्यालय केन्द्र नंबर 2311106 पर उतारकर राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ केन्द्र नंबर 2311105 व राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय केन्द्र नंबर 2311108 के परीक्षार्थी महाविद्यालय बस स्टैण्ड पर उतरेंगे। इन केन्द्रों पर 2 बसों का संचालन किया जाएगा।

*रुट नंबर-2 :* नारनौल बस स्टैण्ड से महावीर चौक, हीरो होण्डा चौक से केन्द्रीय विद्यालय सिंघाना रोड़ रघुनाथपुरा केन्द्र नंबर 2311109 तथा राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर (गोद बलाहा) केन्द्र नंबर 2311104 तक जाएगी। इन दोनों केन्द्रों पर 2 बसों का संचालन किया जाएगा।

**एडवाइजरी जारी**

आगामी तीन मई को जिले के परीक्षा केंद्रों पर होने वाली नीट परीक्षा को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस विभाग ने एडवाइजरी जारी की है।

ट्रैफिक एडवाइजरी और रूट्स शहर में जाम से बचने और यातायात को सुगम बनाने के लिए दिशा-निर्देशः गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल (जीएमएसएसएसएस),

***नारनौल के लिए रूटः*** परीक्षार्थी नांग तिहाड़ी बाईपास निजामपुर टी-प्वाइंट सैनी धर्मकांटा के रास्ते से होते हुए अपने परीक्षा केंद्र तक पहुंचे।

**पुलिस की सख्त चेतावनी**

परीक्षार्थी और अभिभावक अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करें। यदि कोई वाहन सड़क पर खड़ा पाया गया और उससे यातायात बाधित हुआ, तो उस वाहन को तुरंत इंपाउंड (जब्त) कर लिया जाएगा। जिला पुलिस ने कहा है कि यातायात जाम से बचने के लिए जारी की गई ट्रैफिक एडवाइजरी का सख्ती से पालन करें।

**शहरवासियों के लिए अपील**

महाबीर चौक से शहर के अंदर रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाला मार्ग और सिविल अस्पताल, बहरोड़ टी-प्वाइंट से मेहता चौक की तरफ जाने वाला मार्ग।

## कच्चे कर्मियों को पक्का करने व शहीद फायर कर्मियों के आश्रितों को नौकरी देने की मांग

# मांगों को लेकर दो दिवसीय काम छोड़ हड़ताल पर रहे नपा कर्मचारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई द्वारा दो दिवसीय काम छोड़ हड़ताल की गई। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवान ने की। आंदोलन में सर्व कर्मचारी संघ एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ के कई पदाधिकारियों ने भाग लेकर कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

हड़ताल को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के नेता महेंद्र सिंह बोयत, जिला प्रधान कौशल यादव तथा नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राहुल सारवान ने कहा कि जब तक कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता और अग्निशमन विभाग के दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

नेताओं ने कहा कि फायर विभाग के शहीद कर्मचारियों के आश्रितों को पक्की नौकरी तथा एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रदेशभर में लंबे समय से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान की ओर गंभीरता नहीं दिखा रही।

उन्होंने आरोप लगाया कि कच्चे कर्मचारियों से नियमित कर्मचारियों की तरह काम लिया जा रहा है, लेकिन उन्हें स्थायी सुविधा और सुरक्षा नहीं दी जा रही।


नारनौल। नप सफाई कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते प्रधान राहुल सारवान। फोटो : हरिभूमि

**फायर कर्मी भी रहे मौजूद**

हड़ताल में फायर विभाग इकाई प्रधान गुरदयाल सिंह सहित मनोज कुमार, रविकांत, प्रदीप कुमार, लीलाराम, महेंद्र गोयल, महेंद्र दायमा, जसवंत, आशु, निरंजन, भीम सिंह, रोशन, राजेश, विनोद, कमल, मंजू देवी, सुनीता देवी, कांता देवी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई।

**ठेका प्रथा के खिलाफ अटेली में बजा बिगुल**

## सफाई कर्मचारियों का बेमियादी धरना शुरू




***मंडी अटेली।*** *नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। कर्मचारियों ने काम ठप कर ठेका प्रथा समाप्त करने, नियमित भर्ती और समान वेतन की मांग को लेकर रोष जताया। धरने के चलते शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही। धरने का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक प्रधान मनीष कुमार ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा के तहत कर्मचारियों से काम लेकर उनका आर्थिक, शारीरिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है। वर्षों से सेवा देने के बावजूद स्थायी नौकरी और उचित वेतन नहीं मिल रहा। उन्होंने सरकार से तुरंत ठेका प्रथा खत्म कर नियमित भर्ती करने की मांग की। कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह तय करने, समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने और सभी सरकारी सुविधाएं देने की मांग उठाई। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों ने प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। धरने में मनोज कुमार, गीता, रामकिशन, राकेश, मंजू, उषा, लक्ष्मी, रेखा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने साफ कहा कि मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा।*

**धरने पर बैठे कर्मचारियों ने की नारेबाजी**

## नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल शुरू की



***महेंद्रगढ़।*** *नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। शुक्रवार को हड़ताल के पहले दिन कामकाज पूरी तरह ठप रहा। कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नगर पालिका कर्मचारी संघ प्रधान पूर्ण कुमार ने बताया कि, यह हड़ताल एक और दो मई को प्रदेशभर के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में हो रही है। उन्होंने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, न्यूनतम वेतन लागू करने और ठेका प्रथा समाप्त करने जैसी मांगों पर सरकार से कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। प्रधान ने बताया कि हाईकोर्ट भी कच्चे कर्मचारियों के पक्ष में फैसले दे चुका है। उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्व में हाईकोर्ट ने 10 साल से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने के निर्देश दिए थे, जबकि 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने समान काम के लिए समान वेतन की बात कही थी। इसके बावजूद सरकार इन फैसलों को लागू नहीं कर रही है, जिसे उन्होंने कोर्ट के आदेशों की अवहेलना बताया। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश भर की नगर पालिका, परिषद व निगमों में हजारों पद खाली पड़े हैं, लेकिन नई भर्तियां नहीं की जा रही हैं। इससे मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ रहा है और वे मानसिक दबाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।*

**कर्मचारियों की प्रमुख मांगें**

कच्चे, अनुबंधित और आउटसोर्स कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए। समान काम के लिए समान वेतन और बकाया एरियर का भुगतान किया जाए। ठेका प्रथा खत्म कर कर्मचारियों को विभागीय रोल पर लिया जाए। सफाई और सीवर कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये किया जाए। सभी कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा और अन्य भत्ते दिए जाए। खाली पदों पर स्थायी भर्ती और नए पद सृजित किए जाएं। फायर विभाग के मृत कर्मचारियों के परिवार को एक करोड़ मुआवजा और आश्रित को नौकरी दी जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए, जोखिम भत्ते और अन्य सुविधाएं बढ़ाई जाएं।

# डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने शुक्रवार स्थानीय ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस परिसर में बिजली, पानी और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिसर में किसी भी प्रकार की तकनीकी या भौतिक खामी नहीं रहनी चाहिए।

- **सुरक्षा व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को बारीकी से जांचा और कंट्रोल रूम का अवलोकन किया। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस बल और अन्य सुरक्षा कर्मियों को हमेशा सतर्क रहने तथा परिसर में आवाजाही के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के अवसर पर मुख्यालय से ज्वाइंट सीईओ राजकुमार लोहान, तहसीलदार (चुनाव) सुरेंद्र सिंह और कानूनगो राजपाल तथा विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


नारनौल। वेयरहाउस का निरीक्षण करती डीसी अनुपमा अंजली।

### रोहतक में करेंगे प्रदेश स्तरीय मीटिंग

**नांगल चौधरी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला इकाई की ओर से अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण के मुद्दे को लेकर जिला प्रधान अमीलाल कसाना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की। जिसमें अध्यापक संघ के प्रदेशाध्यक्ष मास्टर दिनेश यादव मुख्यरूप से मौजूद रहे। उन्होंने शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और हाल ही में आए सर्वोच्च न्यायालय तथा हाईकोर्ट के फैसले को तुरंत प्रभाव से लागू करने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि 29 अप्रेल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले में 16 एवं 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीतियों को आधार मानते हुए अतिथि अध्यापकों को नियमित करने और उन्हें 2014 से सभी लाभ देने का आदेश दिया गया है। इससे पहले 17 अप्रेल को सर्वोच्च न्यायालय भी इन नीतियों को वैध ठहरा चुका है। बावजूद प्रदेश सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 405 मरीजों का चेकअप, 85 के होंगे ऑपरेशन

**नांगल चौधरी।** गांव मेघोत हाला में दिवंगत संतोष देवी की स्मृति में नेत्र जांच एवं उपचार शिविर लगाया गया। जिसमें बहरोड़ में स्थित एक निजी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को निशुल्क चेकअप व इलाज मुहैया कराया है। इस दौरान ग्रामीणों को आंखों की देखभाल करने की टिप्स दिए गए हैं। मानव जागृति मंच के प्रधान जगमाल सिंह ने बताया कि शारीरिक अंगों में आंखे महत्वपूर्ण पार्ट होती हैं, जिनके कमजोर या दृष्टीहीन होने पर दैनिक दिनचर्या पूरी करना संभव नहीं। बावजूद गांवों के लोग आंखों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं होते तथा छोटी-छोटी समस्याओं को इग्नोर करने की धारना बनी हुई है। परिणास्वरूप छोटी समस्या जल्द जटिल होने लगती है जिसके उपचार में लाखों खर्च करने के बावजूद राहत नहीं मिलती। इसलिए ग्रामीणों की सुविधा के लिए दिवंगत संतोष देवी की पांचवी स्मृति पर लगातार पांचवा नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया है। कैंप में 405 मरीजों की आंखों का चेकअप किया गया, जिनमें 85 को मोतियाबिंद व अन्य बीमारी मिली है। सभी पीड़ितों का सात मई को अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन सुविधा दी जाएगी।


नांगल चौधरी। शिविर में मरीजों का चेकअप करते हुए डॉ बिरेंद्र सिंह।

## बुचियावाली आश्रम में हुआ मंदिर का भूमि पूजन



**महेंद्रगढ़।** डुलाना रोड स्थित आचार्य जयदेव जयसिंह महाराज की समाधि व भव्य मंदिर निर्माण की नीव पूजन पंडित राजन शर्मा व पंडित नौरंगलाल शर्मा द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ जयसिंह महाराज की गद्दी की जिम्मेवारी संभाल रहे प्रधान सेवक भंवर सिंह द्वारा पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव, राजू शर्मा, धीरज यादव, प्रतापसिंह, देशराज रिवासा की मौजूदगी में किया। जयसिंह महाराज मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष एकादशी अनुसार 15 नवंबर 2025 को स्वर्गलोक में प्रभु चरणों में विलीन हो गए थे। उनकी समाधि व मंदिर निर्माण की नींव पूजन पर भंडारे का भी आयोजन हुआ। प्रधान सेवक भंवर सिंह थानेदार एवं समाजसेवी मुकेश चौहान ने बताया कि महाराज एक बहुत ही सिद्ध और पहुंचे हुए संत थे। उन्होने अपने पूरे जीवन काल में लोगों की भलाई और कल्याण के लिए काम किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव, विधायक कंवर सिंह, कॉआपरेटिव सोसाइटी चेयरमैन राजू शर्मा, प्रतापसिंह ढाणा, सत्यवीर चेयरमैन, श्रीचंद डुलाना, प्रधान नवीन राव, देशराज रिवासा, धीरज यादव डुलाना, धर्मवीर देवास, डॉ. धर्मेंद्र, प्रधान डॉ. वीरेंद्र, धर्मवीर चिकना, डॉ. जयप्रकाश, सतीश रिवासा, राजेश मास्टर, सांवत सिंह, जयपाल सचिव, सत्यपाल दुलोठ अहीर, सत्यनारायण रिवासा, कन्हैया लाल, रामनिवास पालडी, शीशपाल पायगा आदि उपस्थित रहे।

### डीसी ने अधिकारियों के साथ की समन्वय बैठक

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय की मीटिंग हॉल में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक, नारनौल एसडीएम अनिरुद्ध यादव, महेंद्रगढ़ एसडीएम योगेश सैनी, नांगल चौधरी एसडीएम उदय सिंह और नगराधीश डॉ. मंगल सेन मौजूद रहे। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिला में सार्वजनिक सुरक्षा और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की साप्ताहिक समन्वय बैठकें भविष्य में भी जारी रहेंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर जनता के साथ सकारात्मक जुड़ाव रखें। उन्होंने नशा खोरी के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने और युवाओं को इस सामाजिक बुराई से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**कनीना।** नगर पालिका की ओर से शुक्रवार दोपहर बाद शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानों के बाहर रखे सामान को ट्रैक्टर ट्राली में डालकर जब्त कर लिया गया। इस अभियान का नेतृत्व नपा सचिव कपिल कुमार ने किया। उन्होंने पुलिस बल को साथ लेकर शहर में दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर रखे होल्डिंग बोर्ड, फ्लेक्स व अन्य सामान को जब्त किया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि बाजार में अतिक्रमण न करें ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर दिखे। सचिव कपिल कुमार ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देश अनुसार एक से 16 मई तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नई सोच नया शहर स्वच्छ हरियाणा अभियान का शुक्रवार से आरंभ किया है जो 16 मई तक चलेगा।

## नारनौल डिपो में 91 कनिष्ठ परिचालक, गुटबाजी से वरिष्ठ चालकों को करवाया जा रहा ओवरटाइम

# कनीना बस स्टैंड निर्माण का श्रेय महाप्रबंधक को देना गलत, स्वास्थ्य मंत्री ने बनवाया: रविंद्र छापड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

1004) की वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बैठक हुई, जिसमें उन्होंने रोडवेज महाप्रबंधक पर झूठी जानकारी देकर गुमराह करने का आरोप लगाया। चेयरमैन रविंद्र छापड़ा ने बताया कि कनीना बस स्टैंड निर्माण का श्रेय महाप्रबंधक को देने का विरोध किया तथा इसे सरासर गलत बताया। उन्होंने बताया कि कनीना बस स्टैंड की जो राशि पास हुई है, वह हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री एवं अटेली की विधायक आरती सिंह राव के अथक प्रयासों का परिणाम है और श्रेय ये लोग खुद लेना चाह रहे हैं। ऐसी की महेंद्रगढ़ सब डिपो की बात है। उसमें भी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व वहां के विधायक कंवर सिंह यादव के अथक प्रयास हैं। इसलिए इस प्रकार की झूठी अफवाहें न फैलाएं।

राज्य प्रेस सचिव जितेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि महाप्रबंधक द्वारा रेवाड़ी आगार में किए गए जीप के तेल और लोग बुक न भरकर किए गए भ्रष्टाचार की कॉपी उनके पास है। उन्होंने बताया कि महाप्रबंधक ने वीडियो में कहा कि ये 10-12 लोग हैं, जो पहले ड्यूटी नहीं करते थे। अपने घर पर काम करते थे। ये सरासर झूठ है, क्योंकि यूनियन के सभी सदस्य केवल कार्य पर कार्यरत रहते हैं। जिन यूनियनों की बात कही गई है, जिसमें जागृति मंच के प्रधान प्रीतम बागड़ी महाप्रबंधक गुट के हेड हैं। जबसे महाप्रबंधक इस डिपो में आए हैं, तबसे स्टैंड ड्यटी कर रहे हैं। वहीं नीरज को कैश ब्रांच में बैठा रखा है। यजुवेंद्र भी इनके गुट के हैं। इनको कर्मचारी समस्या से कोई मतलब नहीं। महाप्रबंधक को ज्ञापन एवं रिमाइंडर भी दिए गए, लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं की, जिस कारण प्रेस कांफ्रेंस करनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि नारनौल डिपो में 91 कनिष्ठ परिचालक हैं, लेकिन फिर भी गुटबाजी व भ्रष्टाचार से वरिष्ठ चालकों को ओवरटाइम कराया जा रहा है।


कर्मचारी संगठनों का संयुक्त बयान, 'निष्पक्ष और कर्मचारी हितैषी हैं जीएम'

महाप्रबंधक देवदत्त के समर्थन में उतरीं यूनियनें, आरोप बताए निराधार

कुछ कर्मचारियों पर लगाए स्वार्थ के आरोप

नए रूट और सुविधाओं से जनता को लाभ

वायरल वीडियो पर भी दी सफाई

नारनौल। एक मई को प्रकाशित समाचार फोटो : हरिभूमि